हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 29 जनवरी 2026

उज्जैन | देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 युवती ने किया प्रेम विवाह, आदिवासी समाजजनों...



07 मड़वारी से हटाई जाए देसी शराब व बीयर की...



## खबर संक्षेप में

### राजपूत को नगर परिषद नलखेड़ा का अतिरिक्त प्रभार

**नलखेड़ा।** नगर परिषद नलखेड़ा के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज कुमार नामदेव अवकाश पर होने से बड़ागांव नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ बाबूसिंह राजपूत को नलखेड़ा का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन एवं विकास उज्जैन द्वारा 27 जनवरी को जारी किए आदेश में मनोज कुमार नामदेव प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सोयत कला, अतिरिक्त प्रभार नगर परिषद नलखेड़ा जिला आगर मालवा 27 जनवरी से 13 फरवरी तक अर्जित अवकाश पर होने से नगर परिषद नलखेड़ा का मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार बाबूसिंह राजपूत प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बड़ागांव को सौंपा गया है। जारी आदेश में बताया गया कि नामदेव के कर्तव्य पर उपस्थित होने पर राजपूत नगर परिषद नलखेड़ा के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

### ऑटो चालक के परिवार पर घर में घुस कर किया जानलेवा हमला

**सीहोर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम थुनाकलां में दलित परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल परिजन इलाज के लिए भोपाल स्थित अस्पताल में भर्ती है। कोतवाली थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है लेकिन आरोपियों को अबतक पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। जिसको लेकर पीड़ित परिवार में कड़ा आक्रोश बना हुआ है। फरियादियों ने आरोपियों को गिरफ्तार कराने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।

थुनाकलां में रहने वाला वाटर सप्लायर अशोक कुमार मालवीय 23 जनवरी को लोडिंग वाहन तुमडा लेकर गया था वापस लौटते समय कलारी के पास थुनाकलां में गाड़ी खराब हो गई थी जहां किसी बात को लेकर गाँव के अशोक मेवाड़ा ने झुमाझटकी कर मारपीट कर दी। मारपीट कर रहे अशोक मेवाड़ा को समझाकर मुश्किल बचाकर अशोक को उनका बेटा निखिल मालवीय घर ले गया था। उसी रात 9.30 बजे के दरमियान अशोक मेवाड़ा, सतरंग मेवाड़ा, दुर्गेश भाटी व राकेश मेवाड़ा घर पहुंचे और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए लकड़ी के डंडे से मारपीट शुरू कर दी। हमले में अशोक की बांयी आंख के ऊपर लगी पत्नि ममता मालवीय को भी डंडे से मारा गया हमले में पुत्र निखिल मालवीय पुत्री पलक भी बुरी तरह घायल हो गए। घायल को अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया जहां से डाक्टरों ने गंभीर अवस्था में अशोक कुमार और ममता बाई को भोपाल रेफर कर दिया।

## नपा की साधारण सभा की बैठक में लिया गया निर्णय, अब मिलेगा प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी

# शहर में बिछेगी 105 किमी नई पाइप लाइन 50 साल पुरानी जर्जर लाइनों से मिलेगी मुक्ति

गौरतलब है कि हरिभूमि ने 3 जनवरी के अंक में 'इंदौर की जल त्रासदी से सबक लेने की जरूरत, 50 साल पुरानी पाइप लाइन से शहर में सप्लाई' शीर्षक से विशेष समाचार प्रकाशित किया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खबर का असर

शहर की जर्जर पेयजल व्यवस्था को लेकर 'हरिभूमि' समाचार पत्र द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित खबर पर नगर परिषद ने मुहर लगा दी है। मंगलवार को आयोजित नगर परिषद की साधारण बैठक में निर्णय लिया गया कि अमृत.2.0 मिशन के तहत शहर में 105 किलोमीटर लंबी नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इससे शहरवासियों को पिछले 50 सालों से चली आ रही पुरानी और लीकेज वाली पाइप लाइनों की समस्या से निजात मिलेगी।

गौरतलब है कि हरिभूमि ने 3 जनवरी के अंक में 'इंदौर की जल त्रासदी से सबक लेने की जरूरत, 50 साल पुरानी पाइप लाइन से शहर में सप्लाई' शीर्षक से विशेष समाचार प्रकाशित किया था। इस खबर में इंदौर की घटना का हवाला देते हुए सीहोर की पुरानी पाइप लाइनों से होने वाले खतरों और जल बर्बादी की ओर प्रशासन का ध्यान खींचा था। इसी का संज्ञान लेते हुए नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने परिषद की बैठक में नवीन पाइप लाइन और जल प्रदाय सुदृढ़ीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी।



**7 नई टंकियों से बढ़ेगी 60 प्रतिशत स्टोरेज क्षमता :** नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर और सीएमओ सुधीर सिंह ने बताया कि अमृत.2 योजना के तहत शहर में 7 नई पानी की टंकियों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा। इससे शहर की जल भंडारण क्षमता 60 फीसदी तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में शहरवासियों को एक दिन छोडक़र पानी मिल रहा है, लेकिन इस योजना के पूर्ण होने के बाद अगले 20 वर्षों तक नियमित और भरपूर जल प्रदाय सुनिश्चित हो सकेगा।

### इन कार्यों के लिए हुआ विचार विमर्श

बैठक के दौरान इंदौर-भोपाल बायपास रोड स्थित कन्या शिक्षा परिसर में पेयजल के कार्य हेतु भगवान पुरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कन्या परिसर तक पाइप लाइन बिछाने की सहमति व अनापत्ति दिये जाने के संबंध में, शहर में बकरी पुल कस्बा एवं दुल्हा बादशाह पुल निर्माण कार्य में आ रही पाइप लाइन विस्थापन हेतु प्राप्त राशि का कार्य अमृत 2.0 योजना में कराए जाने, हाउसिंग बोर्ड में निर्माणाधिन फ्लाई ओवर अंतर्गत आ रही पानी की पाईप लाइन एवं सीवरेज लाइन कि शिफ्टिंग कार्य अमृत 2.0 के संविदाकार से कराने कि स्वीकृति एवं होने वाली व्यय राशि की वसूली निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी, पीआईयू ब्रिज और नगर के विभिन्न स्थानों/चौराहों पर एलईडी स्कीन स्थापित किये जाने के संबंध में प्रशासकीय व वित्तिय स्वीकृति पीआईसी प्रस्ताव की पुष्टि के लिए विचार विमश्र किया गया।

### अब मिलेगा प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी

नई व्यवस्था लागू होने के बाद पेयजल की उपलब्धता 100 लीटर से बढक़र 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन हो जाएगी। बैठक में भगवानपुरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कन्या शिक्षा परिसर तक नई लाइन बिछाने, पुल निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने और फ्लाई ओवर के नीचे सीवरेज व पाइप लाइन शिफ्टिंग के कार्यों को भी प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। बैठक में विभिन्न वार्डों के पार्षद और नपा अमला मौजूद रहा।

## झंडा मंडलियों ने की भारत माता की आरती



**नलखेड़ा।** गणतंत्र दिवस के एक दिन बाद मंगलवार रात्रि को नगर की दो भजन मंडलियों द्वारा स्थानीय चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भारत माता की भव्य आरती की गई। देशभक्ति से ओतप्रोत नारों ने धार्मिक वातावरण को राष्ट्रभक्ति के वातावरण में बदल दिया। प्रति मंगलवार नगर में एक धार्मिक उत्सव मनाया जाता है। गोविंदपुरा एवं डोकरपुरा से निकलने वाले हनुमान जी के झंडे चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचते है जहाँ भजनों पर भक्त थिरकने को मजबूर हो जाते है। भजनों की प्रस्तुति के बाद प्रसादी का वितरण होता है। इस दौरान भजन मंडलियों के साथ ही बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल रहते है। लगभग एक घंटे तक नगर के मध्य चौक बाजार में धार्मिक उत्सव का नजारा दिखाई देता है। मंगलवार रात्रि को भजनों की प्रस्तुति के बाद गणतंत्र दिवस के मौके पर भजन मंडलियों द्वारा झांझ मजीरे व ढोलक की थाप पर भारत माता की भव्य आरती की गई।

## बड़ागांव में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**नलखेड़ा।** बड़ागांव में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साह व हर्षोल्लास से मनाया गया। ध्वजारोहण का मुख्य समारोह नगर परिषद में आयोजित किया गया जहां पर अध्यक्ष समीना बी अजमेरी द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। गणतंत्र दिवस दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर नगर की सभी शासकीय अर्द्ध शासकीय कार्यालय शैक्षणिक संस्थाओं में झंडावंदन कार्यक्रम आयोजित कर देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। सोमवार को गणतंत्र दिवस पर नप अध्यक्ष समीना बी अजमेरी द्वारा कार्यालय पर ध्वजारोहण कर सलामी ली। ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष लाडसिंह राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाबूसिंह राजपूत सभी वार्ड पार्षद एवं उनके प्रतिनिधि के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार गण उपस्थित थे।

## कीर्ति बाजपेई को उत्कृष्ट कार्य करने पर मंच से किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तर के मुख्य कार्यक्रम में नगर परिषद नलखेड़ा में सामुदायिक संगठिका पद पर कार्यरत कीर्ति बाजपेई को जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पीएम स्व निधि योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए आगर जिला प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान, आगर जिला भाजपा अध्यक्ष ओम मालवीय, आगर विधायक मधु गेहलोत, आगर नगर पालिका अध्यक्ष निलेश पटेल एवं आगर जिला कलेक्टर प्रीति यादव ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### शुभम शर्मा को भी मिला सम्मान



**नलखेड़ा।** शुभम शर्मा को नगर परिषद नलखेड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, कलेक्टर प्रीति यादव, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह,आगर विधायक मधु गहलोत, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान, आगर नगरपालिका अध्यक्ष निलेश पटेल व अन्य उपस्थित अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## अमेरिका में बड़े पद पर पहुंचे पाटीदार का नगर आगमन पर जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्राम धरोला के एक साधारण परिवार से निकले युवा नवीन पाटीदार ने अपनी लगन कठिन परिश्रम और शिक्षा के बल पर अमेरिका के साइबर सुरक्षा विभाग में असिस्टेंट लेफ्टिनेंट के प्रतिष्ठित पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद उनके प्रथम नगरागमन पर पाटीदार समाज एवं स्थानीय जनसमुदाय ने भव्य अभिनंदन किया। नगरागमन पर नवीन पाटीदार द्वारा सर्वप्रथम सरदार पटेल चौराहे पर लौहपुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद एक भव्य स्वागत जुलूस प्रारम्भ हुआ जो शिवाजी चौराहा होते हुवे भारत माता स्कूल परिसर पहुंचा। मार्ग में स्थान स्थान पर स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पहारों साफा पहनाकर व मां बगलामुखी की तस्वीर भेंट कर पुष्पवर्षा कर नवीन पाटीदार का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। भारत माता स्कूल में नवीन पाटीदार के अभिनन्दन के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पाटीदार समाज के प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर पाटीदार उपस्थित रहे। अध्यक्षता धरोला के वरिष्ठ समाजसेवी रामेश्वर पाटीदार ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायकगण फूलचंद वेदिया वल्लभभाई अंबावतिया मुरलीधर पूर्व नप अध्यक्ष प्रेम राठौर पाटीदार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम भालोट नरेंद्र वेदिया भोपाल जिला महामंत्री विष्णु प्रसाद पटेल जिला अध्यक्ष कैलाश पटेल युवाध्यक्ष संतोष पाटीदार तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर पाटीदार तहसील युवाध्यक्ष सुरेश पाटीदार एवं अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। समारोह में नवीन पाटीदार का तिलक दुपट्टा पहनाकर एवं मानपत्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही उनके पिता रामनिवास पाटीदार माताजी दादी जी एवं बुआ जी का भी सम्मान किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन शिक्षक भागीरथ पाटीदार ने किया। पीरुलाल कलसिया ने नवीन की पारिवारिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नलखेड़ा तहसील के एक साधारण ग्रामीण परिवार के बेटे का अमेरिका जैसे विकसित देश के महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा विभाग में इतने उच्च पद पर पहुंचना पूरे क्षेत्र एवं समाज के लिए गौरव का विषय है।



## गणतंत्र दिवस पर कक्का इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

# सांस्कृतिक धरोहर में योगदान पर विभूतियां सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कक्का इंटरनेशनल स्कूल नलखेड़ा द्वारा गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रबंधन द्वारा नगर की सांस्कृतिक धरोहर में अपना योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान किया गया नलखेड़ा क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल कक्का इंटरनेशनल स्कूल में 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म से लेकर वन गमन एवं राज्याभिषेक तक का चित्रण बहुत ही आधुनिक तरीके से किया गया।अभ्युदय 2026 के कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया द्वारा की गई। मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक भैरूसिंह परिहार बापू थे। विशेष अतिथि के रूप में बाबा रामदेव धाम टिकोन के सेवक शिवनारायण जी पाटीदार उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथियो का स्वागत संस्था अध्यक्ष मनीष गुप्ता,निदेशक नवीन पांडिया. प्राचार्य मयूर मुंदड़ा द्वारा किया गया। उक्त जानकारी संस्था के पुरुषोत्तम पालीवाल ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रबंधन द्वारा नगर की सांस्कृतिक धरोहर में अपना योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान किया गया जिसमें डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, कांता सकलेचा, गिरिराज पुरोहित (पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्व हिंदु परिषद ) नेमीचंद गोधा, रामेश्वर खंडेलवाल ( पत्रकार) का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के पूर्व छात्र जो की चिकित्सा, सेना एवं देश की विभिन्न सेवाओं में जहां कहीं पदासीन है उनका भी सम्मान किया गया। उसके पश्चात छोटे-छोटे बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं एक रामायण का पूरा नाट्य मंचन लंबे समय तक मंच पर किया गया। जिसकी दर्शकों द्वारा बहुत ही सराहना की गई। उक्त कार्यक्रम में नगर सहित आसपास क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी लोगों का एवं बच्चों का सहभोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के पश्चात आभार प्रदर्शन सीए संयम जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

## कलचुरी समाज के 13वें निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के वर-वधु को वस्त्र किए वितरित

**सीहोर।** स्थानीय कलचुरी धर्मशाला सीहोर में 13 वें निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के वर वधु को वरिष्ठ समाज सेवी राकेश राय के हाथों समस्त स्वजातीय बंधुओं के साथ वस्त्र वितरित किए गए। सर्वप्रथम राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में इस वर्ष 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधने जा रहे हैं। अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया ने कहा कि आयोजन पूर्ण रूप से निशुल्क है।

## बिजनेस साइट

# बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग: पर एक नजर



विजय कुमार सोनी
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, उज्जैन

**उज्जैन।** बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग एक आसान लेकिन असरदार समझ पर आधारित है-हर बिजनेस ग्रोथ, स्टेबिलिटी, स्लोडाउन और रिकवरी की अपनी लय में चलता है। इन साइकिल्स पर बड़े मैक्रो-इकोनॉमिक ताकतों और घरेलू और ग्लोबल, दोनों तरह के कंज्यूमर बिहेवियर में बदलावों का असर पड़ता है। इस तरीके को जो बात काम की बनाती है, वह यह है कि अलग-अलग सेक्टर एक ही इकॉनमिक माहौल में बहुत अलग तरह से रिएक्ट करते हैं। कुछ इंडस्ट्री जल्दी आगे बढ़ती हैं, कुछ पीछे रह जाती हैं, जबकि कुछ पूरी तरह से मजबूत बनी रहती हैं। इन बदलावों के बीच लंबे समय तक पैसा बनाने के असली मौके हैं। इसलिए, बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग का मकसद इन उभरते ट्रेंड्स को जल्दी पहचानना और निवेशकों को समय से पहले तैयार करना है।

**साइकिल के पीछे के सिग्नल पढ़ना** – किसी सेक्टर के बिजनेस साइकिल को कई दिखने वाले इंडिकेटर्स से समझा जा सकता है। एक्सपेंशन के दौर में, कॉन्फिडेंस बढ़ता है और फैक्ट्रियां पूरी कैपेसिटी से चलती हैं, कॉर्पोरेट एक्सपेंशन प्लान फिर से सामने आते हैं, हायरिंग एक्टिविटी बढ़ जाती है और कंज्यूमर अपनी मर्जी की चीजों पर खर्च करने में ज्यादा सहज महसूस करते हैं। मंदी में, इसका उल्टा होता है: खर्च धीमा हो जाता है, हायरिंग रुक जाती है, एक्सपेंशन प्लान टल जाते हैं और प्रोडक्शन लेवल गिर जाता है। ये बदलाव इन्वेस्टर्स के लिए शुरुआती अलर्ट की तरह काम करते हैं, जिससे उन्हें समय पर अपने पोर्टफोलियो को बदलने में मदद मिलती है।

**इन्वेस्टमेंट का तरीका और रणनीति** - क्योंकि बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग मैक्रो-इकोनॉमिक संकेतों से बहुत करीब से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसका तरीका काफी हद तक टॉप-डाउन है। इन्वेस्टर्स को उन थीम या सेक्टर की पहचान करने की जरूरत है जिन्हें मौजूदा या आने वाले आर्थिक माहौल से फायदा होने की संभावना है। यह रणनीति मार्केट कैप, सेक्टर और थीम में बिना किसी सख्त लिमिट के फ्लेक्सिबिलिटी देती है। आइडिया सिंपल है-डायनैमिक रहें, रिस्पॉन्सिव रहें और जहां भी मौके मिलें, उन्हें पकड़ें।

**बिजनेस साइकिल फंड्स का इस्तेमाल करना**– क्योंकि मैक्रो-बेस्ड इन्वेस्टिंग मुश्किल हो सकती है, इसलिए बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड्स इन्वेस्टर्स के लिए एक प्रैक्टिकल रास्ता देते हैं। इकोनॉमिक ट्रेंड्स को एक्टिवली ट्रैक करने वाले प्रोफेशनल्स द्वारा मैनेज किए जाने वाले ये फंड इन्वेस्टर्स को लगातार मॉनिटरिंग के बोझ के बिना उभरते मौकों में हिस्सा लेने में मदद करते हैं। जो लोग अपने पोर्टफोलियो में मौकों पर ध्यान देने वाली चीजें जोड़ना चाहते हैं, उनके लिए बिजनेस साइकिल फंड एक सही रास्ता है।

**आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड** - निवेशकों के लिए, लगभग 18 म्यूचुअल फंड हैं जो बिजनेस साइकिल स्ट्रैटेजी को फॉलो करते हैं, लेकिन जनवरी 2021 में लॉन्च हुआ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड अपने लगातार परफॉर्मेंस के लिए सबसे अलग रहा है। 30 नवंबर, 2025 तक, इसने एक साल में 13.41 प्रतिशत का सीएजीआर और तीन साल में 21.66 प्रतिशत का मजबूत सीएजीआर और शुरुआत से 21.58 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

## खबर संक्षेप

### विधिक साक्षरता शिविर किया आयोजित

**देवास।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में जिला जेल देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र ने उपस्थित बंदियों को उनके प्रकरण में अधिवक्ता न होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास से प्रकरण में पैरवी एवं अपील करने हेतु निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने की जानकारी दी। साथ ही बंदियों को प्रेरित किया कि जेल में रहकर अपने बारे में चिंतन करें जिससे आप अपने को अच्छे माहौल में बदले जब भी आप जेल से बाहर जाए तो लोगों को लगे कि आप में एक अच्छा बदलाव आया है। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाहन का बीमा करवाने से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक जिला जेल देवास, स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित थे।

### जिला सत्र न्यायाधीश ने अवकाश घोषित किए

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा देवास जिले में घोषित स्थानीय अवकाश के फलस्वरूप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवास अजय प्रकाश मिश्र द्वारा देवास जिले के मुख्यालय/तहसील न्यायालयों के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जिसके तहत 26 मार्च को 2026 चेत्र दुर्गाष्टमी संपूर्ण अनुभाग क्षेत्र खातेगांव, 22 सितम्बर 2026 डोलग्यारस को संपूर्ण अनुभाग क्षेत्र कन्नौद/बागली, 25 सितम्बर 2026 अनंत चतुर्दशी को अनुभाग क्षेत्र देवास/सोनकच्छ/टोंकखुर्द और 11 नवम्बर 2026 भाईदूज को संपूर्ण जिले के न्यायालयों के लिए अवकाश घोषित किया है।

### जिले में ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का जायजा लेने कलेक्टर प्रभावित क्षेत्रों के खेतों में पहुंचे

# पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ सर्वे कार्य कर सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगाः ऋतुराज सिंह





### सोनकच्छ और हाटपीपल्या विधानसभा के प्रभावित गांवों के खेतों में पहुंचा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का जायजा लेने कलेक्टर ऋतुराज सिंह बुधवार को सोनकच्छ और हाटपीपल्या विधानसभा के प्रभावित गांवों के खेतों में पहुंचे। कलेक्टर सिंह ने सोनकच्छ विधानसभा के ग्राम पीरपाड़ल्या, मऊ एवं हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमलाताज, बढ़यिामाण्डू, रम्मलखेड़ी, खजुरियाबिना का भ्रमण कर ओलावृष्टि के कारण हुए फसल नुकसान का अवलोकन किया। कलेक्टर सिंह ने ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का अवलोकन कर राजस्व और कृषि विभाग के संयुक्त दल को फसल नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी प्रभावित किसान मुआवजे के लिए छूटना नहीं चाहिए। निरीक्षण के दौरान विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम सोनकच्छ प्रिया चंद्रावत सहित राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सिंह ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि सर्वे में कोई लापरवाही न हो, प्रत्येक प्रभावित किसान को राहत मिले। इसका विशेष ध्यान रखा जाए कि किसी भी प्रभावित किसान का खेत सर्वे से न छूटे। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व एवं कृषि विभाग के दल द्वारा प्रभावित फसल का सर्वेक्षण कर ड्रोन वीडियो और फोटो निकालें। दल द्वारा पंचनामा बनाकर प्रभावित किसान की जानकारी ग्राम पंचायत में चस्पा भी कराये। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के अवलोकन के दौरान किसानों से चर्चाकर उन्हें आश्वस्त किया है कि फसल नुकसान का पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ सर्वे कार्य कर आंकलन किया जाएगा। सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जायेगा। सरकार आपके साथ खड़ी है, जैसे ही इस बात की सूचना मिली कि कल यहां पर काफी भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई है तो तत्काल ही तहसीलदार को यहां पर सर्वे करने का निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी प्रकार का प्राकृतिक हानि या आपदा होती है तो उसमें सरकार आप सभी के साथ खड़ी है और इसी के संबंध में कल रात को ही सर्वे करने के दिशा निर्देश दे दिये गये थे। आप सभी को मैं आश्वस्त करना चाहूंगा कि आप लोग चिंता ना करें। अच्छी तरीके से शीघ्र ही सर्वे पूरा करवाएंगे। सर्वे कराने के बाद उसकी पूरी सूची ग्राम पंचायत में यहां पर चस्पा भी की जाएगी और आप लोगों के देखने के लिए भी रहेगा कि आप लोगों कितना मुआवजा बन रहा है और जल्दी ही हम लोग आप लोगों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए पूरी तत्परता से काम करेंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि आप लोगों ने फसल का बीमा भी करवा रखा है तो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर फसल बीमा के लिए आवेदन कर सकते है। इसके अलावा स्मार्टफोन में क्रॉप इंश्योरेंस एप्लीकेशन है, उसको डाउनलोड करके भी आप आवेदन कर सकते हैं।





# युवती ने किया प्रेम विवाह, आदिवासी समाजजनों ने घेर लिया बागली थाना





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बागली थाना अंतर्गत अंतर्जातीय प्रेम विवाह पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती पूर्ण रहा। मंगलवार शाम शुरू हुआ हंगामा 24 घंटों के बाद बुधवार को थमा। जब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली। आदिवासी समाज की एक युवती के साथ बागली नगर के एक युवक द्वारा प्रेम विवाह करने से नाराज आदिवासी समाजजनों ने मंगलवार देर शाम बागली थाने का घेराव कर दिया था। 21 जनवरी को युवती व युवक ने सामाजिक एवं कानूनी रूप में प्रेम विवाह कर लिया था।

26 जनवरी को युवती अपने एडवोकेट के साथ थाना बागली पहुंची, जहां पर अपने बयान दर्ज कराएं, जिसके बाद भी हंगामा हुआ था। युवती को लेकर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की आदिवासी युवती इंदौर में रहती है, उसने बागली के एक शासकीय शिक्षक के पुत्र से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया।

मामले में पुलिस ने युवती के बयान भी पिछले दिनों दर्ज किए। वहीं इस मामले को लेकर मंगलवार शाम करीब 7 बजे युवती के रिश्तेदार व समाजजन बड़ी संख्या में बागली पहुंचे और युवक के घर के बाहर एकत्रित होकर हंगामा करने लगे। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश दी। इसके बाद सभी बागली थाने पहुंचकर थाने का घेराव कर दिया। युवती के परिजनों की मांग है कि हम लड़की को लेकर जाएंगे। उधर हालात को देखते हुए युवक के घर सहित अन्य स्थानों पर पुलिस तैनात की गई है। बुधवार सुबह से ही बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग बागली में एकत्रित हुए और लड़की को वापस परिजनों के सुपुर्द करने कि मांग करने लगे। सुबह से ही बरोठा,भौरासा,हाटपीपल्या, उदयनगर, कांटाफोड़, नेमावर सहित अन्य थानों व देवास से भी पुलिस बल बागली पहुंचा। बागली छावनी में तब्दील हो गया। पुरे दिन उक्त मामले को लेकर हंगामा चलता रहा।

दोपहर 1:35 पर सभी समाजजनों ने थाना चौराहे पर चक्का जाम कर चापडा बागली मार्ग पर आवागमन बंद कर दिया, जिसके कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस विधायक उम्मीदवार रहें गोपाल भोसले,नंदू रावत, मुकेश वास्केल, मुकेश बामनिया सहित अन्य सामाजिक लोगों ने युवती के परिजनों के साथ मिलकर प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में युवती से भी चर्चा कर समझाने का प्रयास किया गया। युवती की मां व भाई सहित अन्य लोगों ने लगभग 4-5 घंटे तक युवती को समझाने का जतन किया लेकिन वह परिवार के साथ जाने के लिए राजी नहीं हुई। एसडीएम कार्यालय परिसर में पुलिस बल सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें। युवती को भी वही रखा गया था। युवती बालिग होने के कारण प्रशासन भी बेब्स नजर आ रहा था। पुरे दिन थाना चौराहे पर लोगों की भीड़ जमी रही। एडिशनल एसपी सौम्या जैन,तहसीलदार नीरज प्रजापति, एसडीओपी बागली सृष्टि भार्गव, हाटपीपल्या थाना प्रभारी दीपक यादव, बागली टीआई अभिनव शुक्ला मौके पर मौजूद थे। युवती के परिजन उसे साथ ले जाने की मांग पर अड़े हुए थे। इस दौरान कन्नौद एसडीओपी आदित्य तिवारी ने चक्काजाम करने के दौरान सभी लोगों को बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई समझने को तैयार नहीं था। चक्काजाम के दौरान लोगों अन्य रास्तों से निकलते हुए, नजर आएं। लगभग एक घंटे तक चक्का जाम किया गया। दोपहर 3:20 बजे अचानक सभी लोग उठें और एसडीएम कार्यालय की ओर भागते हुए आए और पुलिस द्वारा लगाए गए बैरीकेड गिराते हुए पत्थर बाजी करते हुए मुख्य गेट पर लात मारने लगे हैं। इस दौरान कुछ समय के लिए माहौल गर्मा गया। महिलाओ ने भी पत्थरबाजी की और गेट फांदने का भी प्रयास करने लगे। पुरे दिन चले हंगामे के बाद भी युवती परिजनों के साथ जाने के लिए राजी नहीं हुई। इसके बाद युवती को कड़ी सुरक्षा के बीच बागली से नारी निकेतन केंद्र के लिए रवाना कर दिया गया। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

**नहीं मान रही युवती**

उक्त मामले को लेकर सभी अधिकारी दो दिनों से लगे हुए थे, परिजनों व अधिकारियों ने युवती को समझने का जतन किया था, लेकिन युवती नहीं मानी तो उसे नारी निकेतन केंद्र भेजा गया है। आगे कि कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की जाएगी।

**नीरज प्रजापत,** तहसीलदार बागली

### युवा संगम में 145 युवाओं को मिला रोजगार

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार देवास जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''युवा संगम'' का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर देवास में गया। युवा संगम में निजी संस्थाओं द्वारा 145 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। युवा संगम में रोजगार प्राप्त करने के लिए 225 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया तथा 20 निजी संस्थाओं ने भाग लिया। युवा संगम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा युवाओं स्वास्थय परीक्षण भी किया गया। युवा संगम आयोजन में डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया ने उपस्थित युवाओं एवं कम्पनी के एचआर मैनेजर को देवास जॉब पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी उज्जैन विजेन्द्र बिजौलिया, प्राचार्य आईटीआई देवास हेमन्त दण्डोतिया, विनीत प्रकाश, आदर्श झा, जिला व्यापार एवं उदयोग विभाग देवास, स्वास्थय विभाग, रोजगार कार्यालय के अधिकारी/कर्माचारी उपस्थित थे।

# सेंट जॉन स्कूल में गणतंत्र दिवस पर हुए आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल में 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिशन हॉस्पिटल, हाटपिपलिया से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के. के. दत्ता रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के म्यूजिकल बैंड ग्रुप द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि दत्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं हाउस-वाइज कैडेट्स द्वारा राष्ट्रीय तिरंगे को सलामी दी गई। तत्पश्चात म्यूजिकल बैंड ग्रुप के साथ राष्ट्रगान गायन किया गया।

विद्यालय के संचालक फादर सोनी एंटनी एवं प्राचार्या सिस्टर अर्पिता ने मुख्य अतिथि को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।अपने उद्बोधन में डॉ. के. के. दत्ता ने भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्रवाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान प्रगतिशील एवं विकासशील भारत की उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में विद्यालय के म्यूजिक ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।कक्षा दूसरी तथा नवीं के विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान पर आधारित नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुति दी। वहीं कक्षा छठी के विद्यार्थियों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम के दौरान गत वर्ष कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में प्रतिदिन होने वाली प्रार्थना सभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कक्षा 12वीं 'ए' एवं 'सी', कक्षा छठी 'ए' तथा कक्षा 5वीं 'बी' के विद्यार्थियों का प्रदर्शन श्रेष्ठतम रहा। उत्कृष्ट प्रस्तुति हेतु संबंधित कक्षा शिक्षिकाएँ अलका अग्निहोत्री, श्रद्धा गुप्ता एवं बंटी यादव को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय की हेड गर्ल निकिता सोलंकी ने किया।

### आदर्श नगर के भारत माता उद्यान में सजीव होगी गुरु तेगबहादुर की बलिदानी गाथा

# मां भारती की प्रतिमा और सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के स्टेशन रोड़ क्षेत्र स्थित वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत आदर्शनगर में नवनिर्मित भारत माता उद्यान में गुरु तेगबहादुर के बलिदान की अमर गाथा सजीव होगी। आदर्शनगर में नवनिर्मित उद्यान में तीन शेरों पर सवार,भगवा ध्वज थामे हुए, पृथ्वी पर आसन्न भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गई है।वार्ड क्र. 32 के पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष, ऊर्जावान भाजपा नेता राजेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, अजय तोमर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा एक विशाल एवं गरिमामय कार्यक्रम में भारत माता की मनमोहक प्रतिमा का अनावरण किया गया।



गुरु तेगबहादुर सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम वार्ड पार्षद निधि प्रवीण वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। वार्ड की समस्त मोहल्ला समितियों ने सांसद सोलंकी का स्वागत कर सांसद निधि से वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। उद्यान में स्वास्थ्य पथ एक्यूप्रेशर ट्रैक, ओपन जीम, झूले इत्यादि जनहितैषी संसाधन भी लगाए गए हैं। इस अवसर पर गुरु तेगबहादुर भवन के अंदर उनके जीवन पर निर्मित प्रदर्शनी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बनी भव्य रंगोली को लोकार्पित किया गया। पूर्व जिला महामंत्री पंकज वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अतिथि उद्बोधन में वार्ड में विराजित भारत माता, गुरु तेग बहादुर भवन, अन्य विकास कार्यों हेतु पार्षद निधि प्रवीण वर्मा की। उन्होंने वार्ड 32 में किसी भी प्रकार के नशा, जुआ, सट्टा इत्यादि अवैध आपराधिक कार्यों के उन्मूलन पर भी पार्षद की सराहना की। भारत माता उद्यान में प्रतिमा अनावरण एवं गुरु तेगबहादुर सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में 1000 दीपकों से भारत माता की भावविभोर करने वाली विशाल जगमग आरती की गई। समरसता भोज भी आयोजित किया। अतिथि पार्षद अजय तोमर ने अपने उद्बोधन में वार्डवासियों को एक विकासशील पार्षद के चुनाव पर को चुनने की बधाई दी। जिला महामंत्री राजेश यादव ने वार्ड के विकास कार्यों पर शुभकामना प्रकट की। भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने वार्ड क्र. में संपादित समग्र विकास कार्यों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं पार्षद की सक्रियता से संपन्न हो रहे ट्रिपल इंजन का सुपरिणाम करार दिया। आभार पार्षद निधि प्रवीन वर्मा ने माना। कार्यक्रम के पश्चात वार्ड की संस्था शिवाय के सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों को भारत माता की सुंदर, मनमोहक प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में भाजपा नेता शंभू अग्रवाल, इतिहासकार दिलीप जाधव, अजीत भल्ला, पार्षद संजय दायमा, सोनू परमार, खुशबु निलेश वर्मा, ऋतु सावनेर, सहित गुरुसिंह सभा कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### तमंचा दिखाकर मारपीट व लूटपाट का आरोप

**ललितपुर।** जिले के थाना क्षेत्र बानपुर में दबंगों द्वारा तमंचा दिखाकर एक युवक के साथ मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला पठापुरा निवासी लखन पुत्र प्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 25 जनवरी को अपनी बहन की ससुराल कुआगांव में आयोजित मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के बाद जब वह दोपहर लगभग 1 बजे बाइक से वापस ललितपुर लौट रहा था, तभी गौरा देवी मंदिर के पास तीन बाइक सवार युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों को वह पहचानता भी है ने उसे तमंचा दिखाकर भयभीत किया और उसके साथ मारपीट की। मौके पर पीड़ित ने किसी तरह जान बचाकर भागने की कोशिश की तो करीब 15 अन्य लोग मौके पर आ गए और उसकी बाइक रोक ली। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी बाइक, मोबाइल फोन, सोने की चेन और अंगूठी छीन ली। इसके साथ ही आरोपियों ने उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### 200 जरूरतमंदों का मुफ्त ऑपरेशन होगा

**ललितपुर।** समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस और भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से क्षेत्र के दो सौ से अधिक जरूरतमंद मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर का कार्यक्रम विज्ञापन के अनुसार दो दिवसीय शिविर का आयोजन जाँच एवं भर्ती शुक्रवार 30 जनवरी एवं ऑपरेशन की तिथि शनिवार, 31 जनवरी और 1 फरवरी को श्री दिगम्बर जैन भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय स्टेशन रोड पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। आयोजकों ने मरीजों की सुविधा के लिए पंजीकरण हेतु विभिन्न केंद्रों की सूची जारी की एक महीने से जारी कर दी थी।। इस आयोजन के मुख्य संरक्षक श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज जैन हैं। कंपनी के रीजनल मैनेजर नीरज पटेरिया ने बताया कि कंपनी का लक्ष्य उन लोगों तक रोशनी पहुँचाना है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी आँखों का इलाज नहीं करा पाते हैं। क्षेत्र के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस जानकारी को लोगों।

### झांसी गोलीकांड में घायल छात्रा की मौत

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र में रहने वाली एमबीए की छात्रा कृतिका चौबे का मंगलवार को निधन हो गया। वह बीते 9 नवंबर को झांसी यूनिवर्सिटी के सामने हुई गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। इस घटना में उनके प्रेमी मनीष साहू ने उन्हें गोली मारने के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली थी। कृतिका 78 दिनों से जीवन के लिए संघर्ष कर रही थीं। यह घटना बीते 9 नवंबर को सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी मनीष साहू (पुत्र बिहारी साहू) और उनकी परिचित कृतिका चौबे (पुत्री गौरीशंकर चौबे उर्फ कल्लन) के बीच झांसी यूनिवर्सिटी के सामने हुई थी। किसी बात को लेकर हुए विवाद के दौरान मनीष साहू ने तमंचे से पहले कृतिका पर गोली चलाई और फिर खुद को भी गोली मार ली थी। घटनास्थल पर ही मनीष साहू की मौत हो गई थी, जबकि कृतिका गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज झांसी में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने के कारण उन्हें पहले एम्स भोपाल रेफर किया गया, जहां कई दिनों तक उनका इलाज चला। बाद में, चिकित्सकों ने उन्हें एम्स दिल्ली भेज दिया था। डॉक्टरों के अनुसार, गोली कृतिका की रीढ़ की हड्डी के पास लगी थी, जिससे उनके शरीर का निचला हिस्सा सुन्न हो गया।

---

विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के तहत भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

# युवाओं का राष्ट्र के प्रति प्रेम समर्पण नए भारत का निर्माण करेगा : सुशील बाबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




युवाओं की विकसित भारत में सहभागिता एवं भूमिका को एक सशक्त मंच प्रदान करने हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के अंतर्गत आपातकाल के 50 वर्ष लोकतंत्र के लिए एक सबक विषय पर एक जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नेमवि प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश शास्त्री के निर्देशन में तुलसी सभागार में किया गया। शुभारंभ प्रबंधक प्रदीप चौबे, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री, क्षेत्रीय निदेशक रासेयो लखनऊ समरदीप सक्सेना, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सुशील बाबू, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, अश्विनी कुमार एवं नोडल अधिकारी रासेयो. डा. ओ.पी. चौधरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। एडीएम ने कहा कि आज का मंच युवाओं की भूमिका और उनकी अभिव्यक्ति एवं रचनात्मकता को प्रस्तुत करने का एक ऐसा आधार है जो आपके व्यक्तित्व के भवन रूपी आधारशिला को एक सुंदर नींव खड़ा करने में सक्षम है। प्रबंधक ने कहा कि देश में आपातकाल लोकतंत्र के लिए काला अध्याय था। आज से 50 वर्ष पूर्व राजनीतिक सत्ता के दुरुपयोग का एक घिनौना कृत्य उस समय की सरकार के द्वारा किया गया।

**युवा संसद के माध्यम से देश की नौजवान पीढ़ी को तैयार करना है-** क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी झांसी ने कहा कि युवा संसद के माध्यम से देश की नौजवान पीढ़ी को तैयार करना है। एक ऐसी सोच वाली पीढ़ी जिसकी सोच और संकल्प से देश का सुनहरा भविष्य निर्धारित होगा। आप सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाइयों के एक सशक्त हस्ताक्षर हैं। आपका त्याग, सेवा, समर्पण का भाव ही भारत की तस्वीर बदलकर एक नए विकसित भारत की इबारत लिखेगा। प्राचार्य ने कहा हमारी संस्कृति में आचार्य और गुरूओं ने सदैव से ही युवाओं को संस्कारवान बनाकर अपने समाज ग्राम, राष्ट्र और परिवार के लिए समर्पण भाव से अपने कर्तव्य दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया है। मुख्य अतिथि ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना में हम सभी को उन परंपराओं प्रथाओं रूढ़ियों को त्यागना होगा जो हमारे समाज और देश की प्रगति में अवरोधक का कार्य कर रहे हैं और इस दिशा में युवा पीढ़ी की सशक्त भूमिका है। नोडल अधिकारी, रा.से.यो. डा.ओम प्रकाश चौधरी ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता युवा संसद में विभिन्न महाविद्यालय से आए छात्र-छात्राओं ने आपातकाल के 50 वर्ष लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर भाषण दिए जिनमें प्रमुख रूप से गार्गी शर्मा, क्रांति यादव, समृद्धि पाराशर, महक राजा, मुक्ति झा समरदीप सक्सेना, अतुल और पूजा व अन्य रहे। इनमें गार्गी शर्मा प्रथम स्थान, क्रांति यादव द्वितीय स्थान एवं समृद्धि पाराशर तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में प्रोफे. अमित कुमार, हिमांश धर द्विवेदी, डॉ. ओ.पी.चौधरी, राम सेवक चंद्राकर, वंदना याज्ञिक आदि शामिल रहे। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकगण व कर्मी मौजूद रहे।

---

महिलाओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

# मड़वारी से हटाई जाए देसी शराब व बीयर की दुकान



दुकान के कारण गांव के लोग शराब के आदी हो रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राजघाट रोड स्थित ग्राम मड़वारी के मुख्य मार्ग पर स्थित बस स्टेण्ड पर देसी शराब और बीयर की दुकान खुली हुयी है। इस दुकान से यहां रहने वाली महिलाओं ने आपत्ति व्यक्त करते हुये दुकान को अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग उठायी है। कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन करती हुयी महिलाओं ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि मड़वारी गांव के मैन रोड पर बस स्टेण्ड के सामने देशी शराब व बीयर की दुकान संचालित है। उक्त दुकान के कारण सम्पूर्ण गांव के लोग शराब के आदी हो रहे हैं। इसके चलते कई स्थानों पर गाली-गलौज के अलावा मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। वहीं महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठ रहा है। इतना ही नहीं मुख्य मार्ग पर शराब पीकर लोग नशे में झूमते नजर आते हैं, जिससे कई बार वाहनों से दुर्घटनाएं भी हो रहीं हैं। महिलाओं ने एकराय होकर शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय सरोज, जलेब, पार्वती, भारती, वन्दना, भागवती, ममता, अमरवती, नीतू, मालती, जसवन्ती के अलावा अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

---

कवि सम्मेलन व मुशायरा आयोजित किया

# फूलों की तरह महकते हैं वतन पर जान लुटाने वाले: कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदवी के तत्वावधान में रामप्रकाश शर्मा के निज निवास पर कवि सम्मेलन एव मुशयरा का आयोजन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि पूर्व सीएमओ डा.खेमचंद वर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता अनेक सिंह राजपूत प्रधानाचार्य ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए संस्था अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. ने देश भक्ति की रचनाओं को पढ़ते हुए उपस्थित श्रोताओं का दिल जीत लिया। उन्होंने संविधान निर्माता को श्रद्धा सुमन अर्पितकरते हुए कहा कि फूलों की तरह महकते हैं वतन पर जान लूटने वाले। खुद ही मिट गए हैं देखो हमारी हस्ती मिटाने बाले। सुमनलता शर्मा चांदनी ने गीत देश भक्ति सरहद दे रही है आवाज तुम्हें तिरंगे की कसम तुमको। तिरंगा झुकने न पाए तिरंगा झुकने न पाये। सरवर हिंदुस्तानीने वतन परस्ती के शहर पढ़ते हुए कहा वतन की मिट्टी से जिसे प्यार नहीं वह यहां पर रहने का हकदार नहीं। राधे श्याम ताम्रकार ने गजल पेश करते हुए कहा तुम भूलना भी चाहोतो भूल न पाओगे। दिल के कागज से मेरा नाम मिटा ना पाओगे। युवा कवि अरमान शोला ने शेर पढते हुये कहा कि अए दुश्मनों तुम्हे हम तुम्हें जागीर नहीं देगे। जान देदेंगे मगर कशमीर नहीं देंगे। डा.प्रबल सक्सेना ने सियाशी शेर पढ़ते हुए कहा कि सियासत का लहु पीत लत है मुल्क में बाकी खै रिपत है। पुरुषोत्तम नारायण पोस्टर ने संविधान को याद करती हुई कहा सीता वेद पुराण रामायण गीता सनातन धर्म सभी जोरे भारत का संविधान है गीता। कार्यक्रम के अंत में डा.खेमचंद वर्मा ने बाबा साहब को नमन करते हुए कहा बाबा तुमने संविधान बनाया सबको अपना हक दिलवाया। कार्यक्रम में सत्यम राठौर, धर्मेंद्र राठौर, सिद्धार्थ कुशवाहा, काजल, रजनी, मीणा, दुग्गी शर्मा उपस्थित थे। अंत में संयोजक राम प्रकाश शर्मा ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

---

पर्यटन मित्र ने दर्जनों ग्रामीण अंचलों में फैले प्राकृतिक सौंदर्य को यात्रा के जरिए उकेरा

# पुरातात्विक धरोहर भारतीय संस्कृति को दर्शाती: फिरोज इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।





जनपद ललितपुर अपनी विविधता, संस्कृति, परम्परा और प्राकृतिक सौंदर्य के लिये प्रसिद्ध है। पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल डायमण्ड बताते हैं कि जिले के अनेकों स्थान में देवगढ़, अमझरा घाटी, बार, बछरावनी, बालाबेहट, बन्दरगुढ़ा, बानपुर, बंट, चंडीमाता मंदिर जलप्रपात, चांदपुर जहाजपुर, दशरारा, दूधई, गिरार, टेटा-जमालपुर, झूमरनाथ, करकरावल, लखन्जर, मदनपुर, माताटीला, नीलकंठेश्वर पाली, पांडववन, पवागिरि, राजघाट, रणछोरधाम, सदनशाह दरगााह, सिरोंनकलां, सिरसी, सौंरई, मडावरा, बिजरौठा, डोंगराकलां, राखपंचमपुर, तालबेहट, बुदनी, उल्दनाकलाँ हैं, जहां पुरातात्विक धरोहरों के साथ ही संस्कृति और प्राकृतिक सुरम्य वातावरण की अनुभूति प्राप्त होती है। जब लोग इन पर्यटन स्थलों को देखने जाते हैं, तो सिर्फ तस्वीरें नहीं लेते, इतिहास को जिंदा रखते हैं। पर्यटन से हमारे क्षेत्रों की विशिष्टता और पहचान विश्व पटल पर स्थापित होती है। बुन्देलखण्ड को देखने की ललक में 2 लाख किलोमीटर से अधिक की यात्रा के बाद भी अनेको नये ज्ञात व अज्ञात स्थल आज भी अचरज में डाल देते है। ऐसे ही दुर्लभ नये और अनछुए स्थान की सैर पर ले चलते है जो अब तक लोगों की दृष्टि से ओझल रहा है। यह मेरी खोज पर्यटन दिवस को समर्पित है, जिसकी थीम भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा घोषित ग्रामीण और समुदाय केंद्रित पर्यटन है। पर्यटन के यह नये स्थल जो ग्रामीण क्षेत्रों में है और पर्यटन रोजगार में महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकते है। ललितपुर से महरौनी होते हुये सौजना तिराहे से गौना- मड़ावरा मार्ग पर कुसमाड़ से आगे तिराहे से मिलन का खैरा गांव जो कुसमाड़ से 06 किमी. दूर स्थित है पहुंच कर इस अनोखे और अद्भुत स्थान को देख सकते है। गांव में खेतों की मेड़ो से होते हुये यहां पहुंचना बड़ा रोचक है। यहां एक के ऊपर एक पत्थर जिस बैलेंस के साथ रखे हैं वह आश्चर्यचकित और अचंभित करता है। दन्त कथाओं में स्थानीय लोगों का अपना अपना मत है। कोई कहता है कि महाभारत काल में भीम जब यहां से गुजर रहे थे तो रास्ते में बिखरे तीन विशालकाय चट्टानों को उन्होने एक के ऊपर रख दिया। कुछ लोग बताते है कि आल्हा ऊदल के समयकाल में इन चट्टानों को निगरानी चौकी हेतु एक के ऊपर एक रखकर निगरानी हेतु उपयोग में लिया गया। खैर वास्तविकता हो भी हो पर इन सैकड़ो कुन्तल वजनी पथरीली चट्टानें जो बहुत ही संकीर्ण आधार कुछ वर्ग इंच पर एक पर एक रखे गये है यहां मूल पत्थर हवा में लटका सा प्रतीत होता है और आश्चर्यचकित कर देता है। समीप ही एक बड़ी चट्टान पर भी एक पत्थर भी रखा है। ऐसे प्राकृतिक स्थल का शासन प्रशासन प्रचार प्रसार करें तो निश्चित ही जनपद ललितपुर पर्यटकों के लिये पर्यटन पड़ाव होगा। आज सैकड़ो हजारों वर्षो से ये बैलेंसिंग रॉक प्राकृतिक आपदाओं को का सामना बिना गिरे कर रही है।

---

# स्कूल में अभिभावकों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

77वे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल पिसनारी बाग में धूमधाम से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन मौजूद रहीं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर नाट्य प्रस्तुति देकर समस्त अतिथियों का मन मोह लिया, जो कि काफी सराहा गया। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने गणतंत्र दिवस का महत्व बताते हुए वहां उपस्थित छात्र छात्राओं उनके अभिभावकों से अपने घर गली मुहल्ले एवं शहर को साफ स्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाया। स्कूल प्रधानाचार्य जी.डी.रजक ने आभार जताया। संचालन जयशंकर प्रसाद दुबे द्वारा किया गया।

---

# सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान में परिवहन कार्यालय से दो पहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया, जो नगर में घंटाघर, सावरकर चौक, तुवन चौराहा, बरनी चौराहा, कचहरी चौराहा, सदन शाह चौराहा होते हुए एलाइट चौराहा पर समापन किया गया जिसमें दो पहिया वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों से जागरूक किया। इसी क्रम में यात्री/ माल कर अधिकारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को गोल्डन अवर में चिकित्सा केन्द्र पर पहुंचाए जाने वाले व्यक्तियों को राहवीर योजना का लाभ प्राप्त किए जाने के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त योजना में गोल्डन अवर में अस्पताल पहुंचाए जाने पर शासन द्वारा पुरस्कार राशि रुपए 25 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। वहीं राहवीर योजना का लाभ लेने हेतु राहबीर को अस्पताल में अपना नाम अवश्य लिखाए जाने हेतु आम जन मानस को प्रेरित किया गया।

---

# आजादपुरा में सड़क निर्माण करने की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा में रहने वाले लोगों ने एकराय होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि उनके वार्ड नं 12 व 16 में सड़क निर्माण न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि सड़क न होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियां हो रहीं है। आगे बताया कि रोड का निर्माण कराये जाने को लेकर कई बार पत्राचार किया, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुयी। मोहल्लेवासियों ने बताया कि अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर सड़क निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। मोनू, राजपाल, सुरेश, छोटू पटेल, सौरभ, चंदन, सुरेन्द्र, विनोद, राजू, रामबाबू नायक, रवि कुशवाहा, मथुराप्रसाद, आदर्श दुबे, लोकेश कुमार मौजूद रहे।

---

पंजाब मेल व दक्षिण एक्सप्रेस में चोरी

# महामना में पत्नी को छोड़ने आए युवक का मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश के एफ-72, विशनपुरा सेक्टर 58 में रहने वाले विजय यादव पुत्र नंदलाल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पहली जनवरी को ट्रेन संख्या 12722 दक्षिण एक्सप्रेस में हजरत निजामुद्दीन से भोपाल की यात्रा कर रहा था। कोच संख्या एस-5 की बर्थ संख्या 23 पर था।

आगरा स्टेशन के पहले वह सो गया था, जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन मौके पर नहीं था, उसने जांच की तो पाया कि अज्ञात व्यक्ति उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ में रहने वाले राकेश कुमार जैन पुत्र स्व.दीपचंद्र ने जीआरपी पुलिस को बताया वह 22 जनवरी को वह टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन के एक नम्बर प्लेटफार्म पर था, वह अपनी पत्नी को महामना एक्सप्रेस में छोडऩे के लिए आया हुआ था, तभी भीड़ का फायदा उठाकर कोई अज्ञात बदमाश उसका मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। जीआरपी पुलिस ने उसकी तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

---

केमिस्ट एसोसिएशन का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह संपन्न

# व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष का ऐलान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिला केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जो हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में शहर के दवा व्यवसायियों के साथ चिकित्सक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, पत्रकार और पुलिस महकमें से जुड़े लोग शामिल हुए, सभी ने एकजुट होकर नए साल की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया।

वहीं दवा व्यवसायियों ने व्यवसाय को ओर बेहतर बनाने पर चर्चा की। जिला केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन रविवार को दवा व्यवसायी वरिष्ठ पत्रकार सम्भव सिंघई के आवासीय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ दवा व्यवसाई व संगठन संरक्षक नवीन समैया ने की। समारोह में व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष का ऐलान किया गया। वक्ताओं ने एक स्वर में जीएसटी दरों में कमी, व्यापार को सरल बनाने की मांग व व्यापारियों को अनावश्यक रूप से तंग करने की व्यवस्था समाप्त करने पर जोर दिया। साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठी। नव वर्ष में व्यापारिक एकता को और मजबूत करने तथा व्यापारियों के अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम आयोजक मंडल से अंशुल जैन, मनोज जैन, संजय गुप्ता, ला. जितेन्द्र जैन, रेशु जैन, सौरभ जैन, जगदीश कुशवाहा, संदीप गोस्वामी, अशोक कुमार, डा. विनोद साहू, आलोक निरंजन, अखिल समैया, शैलेन्द्र साहू, रविराजा, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र गोस्वामी, अरविन्द सिंघई नेता, हिंदु हित रक्षक सुधांशु हुण्डैत, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि विवेक जैन जिमी, व्यापार मंडल से सुरेश बड़ेरा, शैलेन्द्र सिंघई, क्रांतिकारी पार्षद मनमोहन चौबे, पूर्व पार्षद पंकज मोदी, संघ के सक्रिय कार्यकर्ता भगत सिंह भाईसाहब, दयोदय गोशाला अध्यक्ष संतोष जैन, व्यापारी भामाशाह विनोद कामरा, ला. सन्मति सर्राफ, ला. रविंद्र जैन रब्बू, दिगम्बर जैन पंचायत अध्यक्ष डा.अक्षय टडैया, आकाश जैन, सनत जैन, कार्यकारणी सदस्य सुमित खजुरिया, प्रांतीय व्यापारी नेता मनीष सडैया, अजय सोनी, कमलेश सर्राफ, अजित जैन, डा. राजकुमार, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अवध बिहारी उपाध्याय, लखन अग्रवाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, विनीत चतुर्वेदी, जसपाल सिंह बंटी, कैलाश अग्रवाल, अजय जैन, अनूप सेन, अशोक तिवारी, शिब्बू राठौर, संजू श्रोती, अंतिम पारौल, पूजा कश्यप, अमित लखेरा, देवेन्द्र साहू, कृष्ण कांत सोनी, आलोक चतुर्वेदी, प्रदीप रिछारिया आदि मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### हर्षोल्लास के साथ मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह




**आरोन।** मतदान केन्द्र क्रमांक-218, आरोन का राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, आरोन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम महेश कुमार वमनाह एवं अध्यक्षता तहसीलदार धीरेन्द्र गुप्ता ने की। वीएलओ संघ अध्यक्ष एवं बीएलओ दिलवर खान द्वारा अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि एसडीएम महेश कुमार वमनाह ने उपस्थित मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। बलराम कुशवाह, विनोद तिवारी, मुजाहिद खान, विकास शर्मा, दिनेश नरवरिया, रितिक भार्गव, गुलशन जोशी एवं रोशन लांजीवार सहित स्थानीय कलाकारों ने देशभक्ति गीतों से माहौल को भावपूर्ण बना दिया।विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता, मोबाइल के दुष्प्रभाव एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस दौरान वरिष्ठ मतदाताओं का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं, स्थानीय कलाकारों एवं पत्रकारों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। तहसीलदार धीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास को और सुदृढ़ करता है, विशेषकर प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संचालन विकास शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन मुकेश झा द्वारा किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं सैकड़ों मतदाता उपस्थित रहे।

### भादौर मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न

**भादौर।** भादौर मंडल में सकल हिंदू समाज द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जय श्रीराम के नारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मातृशक्ति ने कलश धारण कर सहभागिता की। बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित सम्मेलन में 12 गांवों के लगभग तीन हजार हिंदू समाजजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भारत माता, तुलसी माता व गौ माता का पूजन कर हवन किया गया। वक्ताओं ने जात-पात समाप्त कर सामाजिक समरसता व एकता पर जोर दिया। सम्मेलन का समापन सहभोज के साथ हुआ।



### भाजपा पार्षद प्रतिनिधि सोनू लांचा के निवास पर प्रभारी मंत्री का भव्य स्वागत

**आरोन।** मध्य प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का भाजपा पार्षद प्रतिनिधि सोनू लाँचा के निवास पर अल्प प्रवास के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने आत्मीय अभिनंदन किया।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर, मंडल अध्यक्ष सुरजीत जी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री राजपूत ने संगठन की एकजुटता की सराहना करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।



# जिले में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



### नगर परिषद आरोन में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ झंडा वंदन

**आरोन।** नगर परिषद आरोन कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय भावना और उत्साह के साथ झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन, मुख्य नगर अधिकारी दिनेश कुमार सोनी सहित पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।झंडा वंदन के पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन ने राष्ट्रीय ध्वज को गौरव, एकता और संप्रभुता का प्रतीक बताते हुए राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य नगर अधिकारी दिनेश कुमार सोनी ने नगर परिषद की विकास योजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।कार्यक्रम के अंत में सभी ने देश की एकता, अखंडता एवं विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष भाजपा कार्यालय पर किया झंडा वंदन

**आरोन।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय पर प्रातः 8 बजे भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ ने झंडा वंदन किया और कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।



कार्यक्रम में भाजपा पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत, राजवीर सिंह रघुवंशी, महेंद्र सिंह रसल्ला, देवेंद्र सिंह हल्के, शेर सिंह धाकड़, गोविंद शर्मा, मुनेष जैन, लखनपुरी, राजीव सिंह राजावत, राकेश नरवरिया, भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री अनीता जैन, मंडल अध्यक्ष राम कन्या यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर झंडा वंदन, दी शुभकामनाएं



**आरोन।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर वर्धमान कंपलेक्स परिसर में महिला सर्वोदय उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान (13-14-15) पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ की अध्यक्षता में एसडीएम महेश कुमार बमनहा और नायब तहसीलदार अमित जैन ने प्रातः 8:30 बजे झंडा वंदन किया और एक-दूसरे को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर कंट्रोल संचालिका अनीता जैन ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व शाल-श्रीफल देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने किया और आभार समाजसेवी पत्रकार रुस्तम खान ने व्यक्त किया।कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह हल्के, राजवीर सिंह रघुवंशी, दौलत खटीक, डॉ. राजीव सिंह राजावत, लखनपुरी, सचिन यादव, रविशंकर सेन, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकन्या यादव एवं अन्य कार्यकर्ता और पत्रकार उपस्थित रहे।

### पुलिस थाना आरोन में ध्वजारोहण एकता और निष्ठा का संकल्प




**आरोन।** गणतंत्र/स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस थाना आरोन परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी पंकज कुशवाहा ने राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और सलामी दी।कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे और राष्ट्रगान गाकर देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया। थाना प्रभारी पंकज कुशवाहा ने सभी को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्व निभाने का संदेश दिया।

### कृषि उपज मंडी में गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन

आरोन। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कृषि उपज मंडी परिसर में झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया। एसडीएम महेश कुमार बहम्ना ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अमित जैन, मंडी सचिव मनोज शर्मा, कर्मचारी, व्यापारी और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। झंडा वंदन के बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस के महत्व और संविधान के मूल्यों का पालन करने का आह्वान किया।



### शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरोन में ध्वजारोहण कार्यक्रम



**आरोन।** शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरोन में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. एन. भीलवारे ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया।कार्यक्रम में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ. भीलवारे ने राष्ट्रीय पर्वों से प्रेरणा लेकर कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ देश सेवा करने का संदेश दिया और स्वास्थ्य सेवाओं को जनोन्मुखी बनाने का संकल्प व्यक्त किया।




राघोगढ़ । ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में झंडा वंदन करते हुए कांग्रेस जन।




राघोगढ़ । नगर के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव व समस्त स्टाफ ने झंडा वंदन करते हुए।



राघोगढ़ । राघोगढ़ नगर के प्रगति मानव सेवा संस्था राघोगढ़ पर झंडा वंदन करते हुए संस्था के सदस्य।

### राघौगढ़ में 51 साधकों द्वारा सुंदरकांड का महाअनुष्ठान



**राघौगढ़।** श्री हनुमान मढिया धाम राघौगढ़ में श्री पशुपतिनाथ महादेव एवं वीर हनुमान मंदिर की तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर 51 साधकों द्वारा सुंदरकांड महाअनुष्ठान आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाआरती का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम में अरविंद धाकड़ (अध्यक्ष जिला पंचायत गुना), विजय साहू (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद राघौगढ़), राजकुमारी नायक और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी साधक साध्विक परिधान में उपस्थित थे। महाअनुष्ठान के बाद अतिथियों ने रामजी और हनुमान जी की आरती की। समिति द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ और हार-शाल पहनाकर स्वागत किया गया।मढिया धाम पर श्री राम-जानकी मंदिर निर्माणाधीन है, जिसे जन सहयोग से पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचकों को स्वर्गीय श्री वल्लभ श्रीवास्तव जी की स्मृति स्वरूप सुंदरकांड भेंट किया गया।

## चाचौड़ा में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रोशनी और तिरंगा फहराया









**चाचौड़ा।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नगर चाचौड़ा में शासकीय और निजी संस्थानों को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया। पत्रकार भवन बीनागंज पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष मीना समाज ने झंडा फहराया। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम 26 जनवरी को चाचौड़ा मुख्य चौराहे पर आयोजित किया गया, जिसमें नगर परिषद उपाध्यक्ष रश्मि शर्मा ने ध्वजारोहण किया। तहसील प्रांगण, कम्युनिटी हॉल, विजय स्तंभ, मेला ग्राउंड और झंडा चौक सहित कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में जनपद सीईओ, एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल बीनागंज, सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल, कन्या कॉलेज, रजिस्ट्रार ऑफिस सहित कई संस्थानों में ध्वजारोहण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही प्रिंस पब्लिक स्कूल, सनसिटी स्कूल, ज्ञान मंदिर और एंजल पैराडाइज सहित निजी विद्यालयों में भी रंगारंग देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।एसडीएम रवि मालवीय के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग, नगर परिषद और अन्य संस्थाओं ने राष्ट्रीय पर्व को गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया, जिसमें कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान व आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण






हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय अशोकनगर पर संचालित सुभाष प्राथमिक उपभोक्ता भंडार शासकीय उचित मूल्य दुकान वार्ड 3 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि दुकान से संलग्न हितग्राहियों की सूची दुकान पर रखी जाए। साथ ही विगत तीन माह से राशन न लेने वाले हितग्राहियों की सूची दुकान पर चस्पा की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि हितग्राहियों को समय पर राशन मिले इस हेतु दुकान का संचालन नियमित रूप से समय पर किया जाए। भ्रमण के दौरान अशोकनगर शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र 01 गोराघाट का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी संचालन के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 125 मरीजों की जांच की गई

**अशोकनगर।** श्री करुणा निधि सेवा समिति अशोकनगर के तत्वाधान में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी भवन अशोकनगर में संपन्न हुआ। जिसमें 125 मरीजों की जांच की गई और 75 को चिन्हित कर भोजन करवा कर सतगुरु नगर आनंदपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा बस द्वारा भेजा गया, जिसमें रोटरी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर करूणा निधि समिति के अध्यक्ष माधव सिंह करैया, कोषाध्यक्ष पारस चंद्र जैन, सह सचिव प्रदीप शर्मा, लकी शर्मा, हरिमोहन गुप्ता, रोटेरियन रोशन कोहली मौजूद रहे।




### 6 लाख 85 हजार की राशि स्वीकृत

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 685000 राशि स्वीकृत की गई। आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमएचओ द्वारा चार बच्चों की सर्जरी के लिए 6,85,000 राशि स्वीकृत हुई। जो कि निम्नानुसार हैं। कार्तिक यादव निवासी उम्र 5 साल पिपरई को 95000, नवीन दांगी शाढौरा उम्र 6 माह को 29000 की राशि स्वीकृत की गई।




### भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर का जिला सम्मेलन आयोजित

**अशोकनगर।** भारतीय मजदूर संघ जिला शाखा अशोकनगर का जिला सम्मेलन सरस्वती स्कूल गौशाला रोड अशोकनगर में आयोजित सम्मेलन के दौरान भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश से अधिकृत भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री एवं ग्वालियर संभाग प्रभारी राजन नायर रहे और भारतीय मजदूर संघ विभाग (गुना अशोकनगर) के सहविभाग प्रमुख सोनपाल यादव उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भारत माता और दत्तोपंत ठेगड़ी ,भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथि परिचय के बाद संगठन का गीत गाया गया। बैठक की अध्यक्षता बबीता रघुवंशी भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष द्वारा की गई। विशेष अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष एवं भारतीय मजदूर संघ पूर्व जिला अध्यक्ष रामवीर सिंह रघुवंशी रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरि सिंह रघुवंशी हैरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम दौरान वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया गया। इसके पश्चात भारतीय मजदूर संघ जिला अशोकनगर की नवीन कार्यकारिणी सर्वसहमति से गठन करके मुख्य अतिथि राजन नायर द्वारा घोषणा की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी), उपाध्यक्ष धनपाल यादव,रामगोपाल विश्वकर्मा, बबीता रघुवंशी रही।जिला मंत्री शिशुपाल सिंह यादव बने। जिला सहमंत्री सीमा श्रीवास्तव, मुकेश परिहार, गौरीशंकर जाटव रहे। जिला कोषाध्यक्ष मयंक शर्मा बने,विधि सलाहकार सतीश सिंह रघुवंशी, कार्यालय मंत्री चंद्रपाल सिंह रघुवंशी वहीं जिला कारिकारणी सदस्य शिल्पा शर्मा, राजकुमार जाट, शिवराज सिंह रघुवंशी ,दौलत सिंह धाकड़ और प्रकाश सिंह यादव बने। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशा संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव विष्णु प्रसाद साहू राज्य कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी वरिष्ठ नागरिक संघ जिला अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अध्यक्ष सुनीता विश्वकर्मा, बसंत सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### अध्यक्ष पद का चुनाव 15 फरवरी को

**अशोकनगर।** मैथिल ओझा समाज ट्रस्ट की चुनाव कमेटी की बैठक डॉ. राम कुमार ओझा के क्लिनिक पर संपन्न हुई। जिसमें चुनाव दल के प्रभारी एवं सह प्रभारी के द्वारा ट्रस्ट के चुनाव 15 फरवरी 2026 को कराना सुनिश्चित किया गया। 7 एवं 8 फरवरी को अध्यक्ष पद हेतु उमीदवार फॉर्म चुनाव अधिकारी से समाज की धर्मशाला से समय दोपहर 12 से 5 बजे तक प्राप्त कर सकेंगे। नामांकन फार्म जमा दिनांक 9 फरवरी को उक्त स्थान पर समय 12 से 5 बजे तक कर सकेंगे। फार्म वापसी एवं निर्देशन पत्र की जांच दिनांक 11 फरवरी को 2 बजे से 5 तक की जाएगी।

# झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि मौसम ने अचानक बदला मिजाज

गुना (27/01/2026)
अधिकतम तापमान 2.2 C

| | |
|---|---|
| न्यूनतम तापमान | 14.5C |
| आर्द्रता (सुबह) | 093% |
| आर्द्रता (शाम) | 092% |
| सूर्योदय IST | 07:05 |
| सूर्यास्त IST | 18:03 |
| वर्षा | 21.2mm |

(08:30 To 17:30 ) IST



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पिछले तीन–चार दिनों से बादलों की लुकाछिपी के बाद मंगलवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और शहर में झमाझम बारिश के साथ ओले गिरने लगे। सुबह करीब आधे घंटे तक हुई तेज बारिश ने ठंडक बढ़ा दी, वहीं ओलावृष्टि के कारण जनजीवन कुछ देर के लिए थम सा गया। बारिश शुरू होते ही सड़कों पर पानी बहने लगा और मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया।मंगलवार सुबह आसमान में घने बादल छाए रहे और कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। इस दौरान गुना शहर में लगभग आधे घंटे तक अच्छी बारिश हुई। वहीं जिले के आसपास के क्षेत्रों में मावन सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में ओले गिरने की खबरें सामने आई हैं। अचानक हुई ओलावृष्टि को देखकर लोग घरों से बाहर निकल आए और कई स्थानों पर लोगों ने अपने घरों के बर्तनों में ओले भर लिए। बच्चों में खासा उत्साह देखा गया और लोग इस बदलते मौसम का आनंद लेते नजर आए।बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को गुना में न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि सुबह के समय आर्द्रता का स्तर 93 प्रतिशत तक पहुंच गया। अधिक नमी के कारण सुबह हल्की ठंड का अहसास रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से क्षेत्र में यह बदलाव देखने को मिला है। अचानक हुई बारिश से जहां लोगों को सर्दी का एहसास हुआ, वहीं किसानों के लिए यह मौसम राहत और चिंता दोनों लेकर आया है। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का रहा दबदबा

**अशोकनगर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अशोकनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भारतीय संविधान की गरिमा और देश के विविध राज्यों की सांस्कृतिक झलक को प्रस्तुत करते इस भव्य नृत्य में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सामूहिक सहभागिता निभाई। नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों के साथ-साथ निर्णायकों को भी विशेष रूप से प्रभावित किया।

# लाल परेड मैदान में खाद्य मंत्री राजपूत ने फहराया तिरंगा








हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

26 जनवरी के अवसर पर लाल परेड मैदान में प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की मुख्य आतिथ्य में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। मंत्री राजपूत ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और स्वतंत्रता सेनानियों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में पुलिस, एसएएफ, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट, रेडक्रॉस और शौर्य दल सहित 13 प्लेटून ने आकर्षक मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी। विभिन्न विभागों की चलित झांकियों और स्कूलों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मार्च पास्ट, झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार भी वितरित किए गए।इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत आठ हितग्राहियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन आशीष टांटिया और आकाशवाणी उद्घोषक रेखा श्रीवास्तव ने किया।